तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 1 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 थम नहीं रहा शिवनाथ का देर से चलने का सिलसिला



## खबर संक्षेप

### व्याख्याता राठिया को डीईओ कार्यालय में किया गया अटैच

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा व्याख्याता भानूप्रताप राठिया को लोकसभा निर्वाचन के लिए आयोजित प्रशिक्षण में शराब का सेवन कर उपस्थित होना पाये जाने पर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा में संलग्न किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा द्वारा जारी आदेश के अनुसार भानूप्रताप राठिया व्याख्याता (पीठासीन अधिकारी) (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोतली) दल क्रमांक 100 विधानसभा क्षेत्र 23 पाली तानाखार को लोकसभा निर्वाचन हेतु 27 अप्रैल को आयोजित प्रशिक्षण में शराब का सेवन कर उपस्थित होना पाया गया। जिसकी डॉक्टरी मुलाहजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में करवाया गया। मुलाहजा में डॉक्टर द्वारा शराब पीने की पुष्टि की गई। श्री राठिया का यह कृत्य घोर लापरवाही की श्रेणी में होने तथा नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश पर्यंत तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा में अटैच किया गया है।

### सैनिक स्कूल में लोकश्रुति का चयन

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार शिक्षकनगर निवासी शंभूनाथ राठौर की पुत्री कुमारी लोकश्रुति राठौर ने सेजस स्कूल हरदीबाजार में कक्षा पांचवीं की छात्रा है, जो कक्षा पांचवीं की पढ़ाई के साथ-साथ सैनिक स्कूल परीक्षा व नवोदय विद्यालय की परीक्षा की भी तैयारी कर रही थी। पिता शंभूनाथ राठौर, माता पुष्पांजली राठौर भी शिक्षक है। शंभूनाथ राठौर ने बताया कि कु.लोकश्रुति शुरु से ही पढ़ाई में अव्वल रही है और उसके सैनिक स्कूल परीक्षा छत्तीसगढ़ में टाप 270/300 आल इंडिया रैंक 934 प्राप्त कर गर्ल्स वर्ग से छत्तीसगढ़ में टाप करके अंबिकापुर सैनिक स्कूल में चयनित हुआ। सेजस स्कूल के प्राचार्य एवं अंजनी कश्यप, धन्नजय शर्मा, सच्चिदानंद राठौर, दौलत कुर्रे, विरेंद्र पटेल, पन्ना राठौर, शिवांशु सिंह राठौर ने अपना मार्गदर्शन व सहयोग देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### विधिक साक्षरता शिविर में लोगों को किया गया जागरूक



**कोरबा।** 7 मई को संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कु.डिंपल के आदेश अनुसार परलीगल वॉलिंटियरों द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायत में पहुंचकर विविध विधिक जागरूकता शिविर का संचालन कर लोगों के बीच राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का प्रचार प्रचार किया गया। लोगों को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। मंगलवार को पीएल वी घनश्याम श्रीवास व रामशरण राठौर के द्वारा हरदीबाजार स्थित ग्राम पंचायत भवन, बस स्टैंड, राशन वितरण केंद्र, शासकीय पशु चिकित्सालय, व कुम्हार मोहल्ला में पहुंचकर लोगों में जन जागरुकता का प्रचार प्रसार किया गया है। आगामी नेशनल लोक अदालत व नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 , घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, गुड टच बेट टच, किशोर न्याय, मोटर व्हीकल एक्ट, शिक्षा का अधिकार, सायबर क्राईम, निशुल्क कानूनी सहायता सहित अन्य के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# पर्यटन मानचित्र में पहचान बना चुका है अंचल का नरसिंहगंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नरसिंह-गंगा पाली ब्लॉक मुख्यालय से 25 व चैतमा से करीब 11 किलोमीटर दूर स्थित है। जो अंचल के पर्यटन मानचित्र में पहचान बना चुका है। पथरीली पहाड़ियों व चट्टान निकलते पानी बड़ी संख्या में यहां पिकनिक के लिए आम लोग परिवार सहित पहुंचते हैं।

जिले व राज्य के अन्य जिलों के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा से भी लोग यहां पर्यटन के लिए अब पहुंचने लगे हैं। नरसिंह गंगा झरना के पहाड़ के आसपास कोई नदी नहीं है, यहां के झरने में पानी कहां से आता है, यह आज भी एक रहस्य बना हुआ है। पहाड़ के सबसे ऊपर लगभग 100 एकड़ समतल मैदान है। हालांकि, वहां तक पहुंचना कठिन है। इसलिए अब तक बहुत कम लोग ही उस जगह तक पहुंच

### जिले के साथ अन्य जिले के भी लोग पहुंचते हैं

**खास बात**
- विकास कार्यों के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने लिखा है प्रशासन को पत्र



सके हैं। महाशिवरात्रि में भगवान नरसिंह की विशेष पूजा की जाती है। आसपास के भक्त बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं और झरने के पानी से नरसिंह भगवान का जलाभिषेक करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा, माघी पूर्णिमा और दोनों ही नवरात्र में यहां मेला लगता है। इसके आसपास प्राचीन गुफाएं हैं। पहाड़ के ऊपर पलमाई देवी और नरसिंह भगवान का मंदिर है। सावन में यहां बड़ी तादाद में भक्त कांवड़ ले कर पहुंचते हैं। नरसिंह-गंगा के 65 वर्षीय पुजारी कुमार साय ने बताया कि नरसिंह गंगा झरना का पानी काफी पवित्र माना जाता है। इसके जल से स्नान और मन में विश्वास रख भगवान नरसिंह से मांगी गई मन्नत पूरी होती है। जनहितैषी कार्य सफल होते हैं। वहीं, स्वार्थ सिद्ध के लिए आने वाले लोगों के ऊपर झरना का जल ही नहीं पड़ता। श्रद्धालु नहाने से पहले नरसिंह भगवान की स्तुति करते हैं। थोड़ा चावल व रुपये धारा में अर्पण करने के बाद नहाते हैं। इस तरह उनके पाप इस झरने में धुल जाता है।इस जगह को मंदिर के पुजारी के दादा इतवार सिंह ने सबसे पहले देखा था। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना लाफा और छुरी के जमींदार को दी थी। उस दौर के बाद से जमीदारों ने ही यहां पूजा-पाठ शुरू करवाया था।

### लोकसभा चुनाव को लेकर अर्द्धसैनिक बलों की कंपनी पहुंचने लगी जिले में

# 17 अर्द्धसैनिक बलों के साथ लगभग 4 हजार जवान चप्पे चप्पे में रहेंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक स्वयं मोर्चा संभाल रखे हैं। दिन और रात को क्षेत्र का दौरा

**खास बात**
- दो तीन दिनों के भीतर सभी इलाकों में शुरू होगा फ्लैग मार्च

कर रहे हैं और अधिकारियों को लगातार निर्देश भी दे रहे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में और बेहतर ढंग से पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहे इसके लिए अर्द्धसैनिक बलों की कंपनी जिले में आमद देने लगी है। एक या दो दिनों के भीतर ही कंपनी द्वारा फ्लैग मार्च शुरु किया जाएगा।


फाइल फोटो

बताया जाता है कि जिला बल के लगभग 800 अधिकारी, कर्मचारी के साथ 17 अर्द्धसैनिक बल सहित लगभग 4 हजार जवान जिले के विभिन्न चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे ताकि परिंदा भी किसी स्थल पर पंख ना मार सके। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी जिले में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए लगातार दिन और रात प्रयास कर रहे हैं और सभी अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान कटघोरा एडिशनल एसपी नेहा वर्मा के दिशा निर्देशों के आधार पर लगातार कंधे से कंधा मिलाकर हर स्थल पर डटे हुए हैं।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी जिले के सभी मतदान स्थलों में किसी तरह की कोई अनहोनी की घटना ना हो और चुनाव को शांतिपूर्ण से संपन्न कराया जा सके इसके लिए उन्होंने विशेष तैयारी की है। बताया जाता है कि पुलिस मुख्यालय से चुनाव को संपन्न करने के लिए अर्द्धसैनिक बलों की डिमांड की गई थी जिसमें से 17 अर्द्धसैनिक बलों की कंपनी जिले में आमद देगी। देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव संपन्न होने के बाद अर्द्धसैनिक बलों की कंपनी मूवमेंट करने लगी है। इस कड़ी में मंगलवार को मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल के जेआरसी व सीआसी क्लब में सीआरपीएफ की दो कंपनी पहुंच चुकी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान ने बताया कि सारी कंपनी धीरे धीरे जिले में आमद दे रही है। एक या दो दिनों के भीतर सारी कंपनी जिले में आमद दे देगी जिसके बाद पुलिस अर्द्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च करेगी। संभावना जताई जा रही है इस लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए 17 अर्द्धसैनिक बलों के साथ लगभग 4 हजार जवानों की ड्यूटी लगेगी।

# केंद्रीय गृहमंत्री आज कटघोरा में करेंगे जनसभा को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज कटघोरा विकासखंड में भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उनकी तैयारियों को लेकर भाजपा ने एक दिन पूर्व ही बैठक लेकर कार्यक्रम की रुपरेखा तय की है। गृहमंत्री श्री शाह मेला ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनकी तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने सभा का जायजा लिया था एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। चूंकि केंद्रीय गृहमंत्री के आगमन को लेकर आईजी, अपर कलेक्टर और एडिशनल एसपी के द्वारा आयोजन स्थल पहुंचकर यहां चल रही तैयारी का निरीक्षण किया गया। वहीं केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का कटघोरा में प्रवास को लेकर पुलिस व प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। श्री शाह जेड प्लस एमएचए सिक्योरिटी एएसएल सीआरपीएफ कवर सुरक्षा प्राप्त है। प्रवास के मद्देनजर पुलिस द्वारा मंगलवार को रिहर्सल भी किया गया साथ ही कटघोरा में कई सड़कों की रुट को डायवर्ट किया गया है। पार्किंग स्थल के रुप में पार्किंग 1, 2 व 3 बिलासपुर रोड, पार्किंग 4 बांगो रोड, पार्किंग 5, 8, 8 कोरबा रोड, पार्किंग 7 व 9 बडी वाहन, बांगो-बिलासपुर रोड से जेंजरा रोड होकर आएंगे।


अमित शाह

### मजदूर दिवस पर ठेका मजदूर निकालेंगे बाइक रैली

**कोरबा।** एसईसीएल अंतर्गत गेवरा दीपका कुसमुंडा और कोरबा एरिया के आउटसोर्सिंग और ठेका कर्मचारी मजदूर दिवस पर बाइक रैली निकालकर प्रदर्शन करेंगे। समस्याओं और मांगों को लेकर संघर्ष को तेज करने के उद्देश्य से यूनियन तैयार की गई है। यूनियन के द्वारा एक मई को मजदूर की एकता और संघर्ष को प्रदर्शित किया जाएगा सुबह 8 बजे से एसईसीएल सीजीएम ऑफिस गेवरा से गेवरा क्षेत्र व दीपका क्षेत्र कॉलोनी नगर बाइक रैली प्रभात फेरी निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा।

# वेज लॉलीपॉप की जगह परोस दिया चिकन लॉलीपॉप, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको संयंत्र में पदस्थ एक कर्मी अपने परिवार के साथ शहर के एक होटल में रात्रि भोज के लिए गए हुए थे। इस दौरान वेज

**खास बात**
- शहर के डिलियस वर्ल्ड होटल का मामला

लॉलीपॉप के आर्डर के बदले चिकन लॉलीपॉप परोस दिया गया जब परिवार को इसकी भनक लगी तो उन्होंने इसकी शिकायत होटल संचालक से की है लेकिन होटल संचालक के द्वारा इसके बाद भी उसके साथ दुव्यर्वहार किया गया जिस पर कर्मी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है जिस पर पुलिस ने होटल संचालक और वेटर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत क्वार्टन नंबर 26-28 सेक्टर-3 टाइप 2-ए बालकोनगर निवासी विजय शर्मा उम्र 38 वर्ष पिता लवकुमार शर्मा ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बाल्को प्लांट में प्रोसेस टेक्निशियन के पद पर नोकरी करता है। वह जाति से ब्राह्मण है एवं शाकाहारी भोजन करता है। विजय शर्मा 21 अप्रेल की रात्रि लगभग 8:45 बजे सपरिवार भोजन करने टीपी नगर कोरबा स्थित होटल डिलिसियस वर्ल्ड में गया हुआ था तथा उक्त हाटल के वेटर को वेज लालीपप का आर्डर किया था, जिसके द्वारा विजय शर्मा व उसके परिवार को वेटर के द्वारा चिकन लालीपाप (मांसाहार) परोस दिया गया। जिसे खाने के बाद पता चलने पर विजय शर्मा द्वारा होटल संचालक से उक्त घटना कि शिकायत किये जाने पर विजय शर्मा के साथ अभद्र व्यवहार किया जाकर धमकाया गया। जिससे उसकी धार्मिक भावनाओं को क्षति हुई है तथा विजय के मान सम्मान को भी उछाला गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने होटल डिलियस वर्ल्ड टीपी नगर के संचालक व वेटर के खिलाफ धारा 295 (क), 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**भूलवश परोसा गया**

ग्राहक को भूलवश दिए गए आर्डर के बदले दूसरा आर्डर परोस दिया गया था जिस पर हमारे द्वारा ग्राहक से क्षमायाचना की गई थी।

-दीपेंद्र पाल
संचालक, डिलीयस वर्ल्ड टीपी नगर कोरबा

### पति ही निकला हत्यारा भेजा गया जेल

**कोरबा।** तीन दिनों पूर्व जंगल में एक महिला की लाश मिली थी। इस हत्या के मामले में हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके पति ने ही उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगा दिया था। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतरापाली निवासी समरिया बाई 50 वर्ष पति सोनराम धनवार की लाश गांव के समीप स्थित महादेव झरिया जंगल में मिली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी व वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस के अधिकारियों ने मामले की बारीकी से जांच की है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर छानबीन में जुटी पुलिस ने इस मामले में मृतका के पति सोनाराम के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है जिसने अपनी पत्नी की हत्या कर लाश को ठिकाने लगाया था। बताया जाता है कि सोनाराम अपनी पत्नी की चरित्र पर संदेह करता था इसी के चलते उसने अपनी पत्नी की हत्या कर लाश को ठिकाने लगा दिया था।

# सहकारी समिति के अंतर्गत गांव की सीमा का पुनः होगा निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदिवासी सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों का नई समिति बनने के बाद ग्रामों के बंटवारे में आयी विसंगति के बाद एक बार पुनः नए

**खास बातें**
- तीन वर्ष पूर्व नई समितियां बनने से किसानों की समस्याओं का नहीं हुआ निराकरण
- अभी भी किसानों को करना पड़ता है लंबी दूरी का सफर

सिरे से निर्धारण करने की कार्यवाही की जाएगी। अभी भी कई ऐसी सहकारी समितियां हैं जिनसे उनके अंतर्गत आने वाले ग्रामों की दूरी राज्य शासन से निर्धारित दूरी से अधिक है।

जिले में 41 आदिवासी सेवा सहकारी समिति एवं 14 उपकेंद्र है। जिनके अंतर्गत 711 ग्रामो का दूरी के हिसाब से निर्धारण हुआ है किंतु 2 वर्ष से खरीदी के दौरान किसानों को आने वाली दूरी की समस्याओं से निजात नहीं मिल सकी है। 40 से 50 किलोमीटर दूरी का सफर अभी भी किसानों को धान बिक्री के लिए करना पड़ा है। जिस उद्देश्य को लेकर सहकारी समितियों की संख्या जिले में बढ़ाई गई है वह पूरी होती नजर नहीं आ रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी पूर्व में ही समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था। अब जाकर विभाग ने समितियों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची तैयार की है। जिसमें यह देखा गया है कि किस समिति में कितने किसान हैं और समिति के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की समिति से दूरी कितनी है। उसके बाद ग्रामों का नए सिरे से निर्धारण होगा। समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी होने से और वन अधिकार पत्र हितग्राहियों के धान खरीदे जाने से किसानों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में किसानों को ज्यादा दूरी का सफर ना करना पड़े इसे देखते हुए सीमा निर्धारण की बात किसानों के द्वारा उठाई गई है।

**ओआईसी के भरोसे समितियां**

आदिवासी सेवा सहकारी समितियों के संचालक मंडल का चुनाव नहीं होने से सभी समितियों में पंजीयक विभाग ने अपने ओआईसी बैठा दिए हैं जिनके द्वारा समितियों के संचालन की जिम्मेदारी उठाई जा रही है। संचालक मंडल के चुनाव नहीं होने का फायदा भी कुछ समिति के ओआईसी उठा रहे हैं। संचालक मंडल का चुनाव राज्य सहकारिता निर्वाचन आयोग द्वारा कराया जाता है।

**किसानों को मिलेगी सुविधा**

नए सिरे से ग्रामों की सीमा निर्धारण होने से किसानों को बड़ी सुविधा मिलेगी। सरकार द्वारा औसत उत्पादन की मात्रा बढ़ाए जाने से अब छोटे किसान भी धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराने लगे हैं। इस वर्ष हुई धान खरीदी के लिए 51 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया था और लगभग 47 हजार किसानों ने अपना धान बेचा है। समिति से धान उत्पादन वाले ग्रामों की दूरी कम होने से व नई समितियां खुलने से किसानों के पंजीयन भी बढ़ रहे हैं।

### पहले पति-पत्नी को इलाज के लिए मिलने थे 25 हजार रूपए

# सेवानिवृत्त कोलकर्मी को आउटडोर इलाज के लिए मिलेंगे 50 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आउटडोर इलाज के लिए अब प्रतिवर्ष पति-पत्नी को 25-25 हजार मिलेगा। पूर्व में कोल इंडिया ने पति-पत्नी को मिलाकर 25 हजार देने का आदेश जारी किया था। कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक विनय रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में पीआरएमएसएनइ व ट्रस्टी बोर्ड की बैठक हुई। इसमें बताया गया कि एक्च्यूरी रिपोर्ट के अनुसार 2031 तक फंड खत्म हो जायेगा। कोल कंपनियों में नई नियुक्ति कम होने और सेवानिवृत्त कर्मियों की संख्या बढ़ने से यह स्थिति बनी है।



ऐसे में इलाज में परेशानी होगी। इसलिए अंशदान बढ़ाने पर जोर दिया गया, हालांकि कोई निर्णय नहीं हो सका है। सीपीआरएमएस के माध्यम से सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को आठ लाख तक का इलाज व गंभीर रोगों में उपचार की पूरी राशि देने का प्रावधान है। आउटडोर इलाज के लिए अब प्रतिवर्ष पति-पत्नी को 25-25 हजार मिलेगा। पूर्व में कोल इंडिया ने पति-पत्नी को मिलाकर 25 हजार देने का आदेश जारी किया था। आज की बैठक में इसे संशोधित कर पति-पत्नी दोनों को 25-25 हजार यानी कुल 50 हजार रुपया देने पर सहमति बनी। एटक से अशोक चंद्र यादव ने बताया कि वर्तमान में आठ हजार करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध है। हर साल डेढ़ से दो हजार करोड़ की राशि की निकासी हो रही है। कोलकर्मी की ओर से एकमुश्त 40 हजार रुपया का अंशदान व कोल इंडिया की ओर से प्रतिकर्मी 18 हजार दिया जाता है।

मौजूदा समय में अंशदान से कई गुणा ज्यादा निकासी हो रही है। बैठक में प्रबंधन की ओर से एमसीएल डीपी, सीसीएल डीपी, कोल इंडिया के इडी (फाइनेंस) के अलावा श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों में बीएमएस से पी माघवा नायक, एचएमएस से शंकर प्रसाद बेहरा, एटक से अशोक चंद्र यादव व सीटू वामन नेनु मनोहर आदि शामिल थे।

# केंदई रेंज में डेरा डाले हुए हैं हाथियों का झुण्ड

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के एतमानगर व केंदई वन परिक्षेत्र में हाथियों की धमक लगातार बनी हुई है। एतमानगर में 36 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। वहीं 12 हाथी केंदई रेंज में हैं। हाथियों के विचरण करने से ग्रामीण भयभीत हैं वहीं वन विभाग इन हाथियों की निगरानी मैदानी अमले के अलावा ड्रोन कैमरे से कर रहा है। हाथियों की लगातार निगरानी के बाद अभी क्षेत्र में हाथियों ने ज्यादा उत्पात नहीं मचाया है लेकिन उत्पात मचाने की संभावना को देखते हुए वन अमला सतर्क है। हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों को खतरा भी बढ़ गया है। वन अमला गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों से हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल की ओर न जाने की सलाह दी जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 23 हाथी एतमानगर रेंज अंतर्गत मड़ई क्षेत्र तथा 13 पचरा में घूम रहे हैं, जबकि केंदई रेंज के लालपुर में 11 व एक हाथी साल्ही पहाड़ में मौजूद है। जिनकी निगरानी लगातार की जा रही है। वहीं कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज के अमलडीहा में 36 हाथियों की अचानक धमक हो गई थी जो आगे बढक़र सरगुजा की सीमा पर चला गया है।



## खबर संक्षेप



### मिडिल स्कूल रजगामार का परीक्षा परिणाम घोषित

**गेवरा- दीपका।** ज्ञानदीप मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें प्रचार्या श्रीमती अभिलाषा वर्मा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को पढाई के प्रति जगारूका रहने वे अपने देश का भविष्य है और अपनी माता-पिता का सम्मान करते हुए अपने भविष्य को आगे बढ़ाते हुए इसके साथ वह सभी अभिभावकों जाती है। जिसमें संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर एसके वर्मा, सचिव सुमित केजी 1 भानु प्रताप राठिया 89 प्रतिशत, भुनेश्वरी राठिया 81.5 प्रतिशत, मानवी राठिया 75.5 प्रतिशत, केजी 2 प्रथम स्थान तमन्ना साहू 92 प्रतिशत, दूसरा कृतिका कवर 85.5 प्रतिशत, तीसरा श्रेयश दास 75 प्रतिशत, पहली प्रथम स्थान मानसी बंजारे 87.83 प्रतिशत, दूसरा स्थान देवराज यादव 87.83 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी अंजना सिंह, पूर्णिमा राठौड़, प्रियंका यादव, मालती पटेल, भुनेश्वरी, संजू, हिमानी सहित अन्य उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने दो शस्त्र लाइसेंस को किया निलंबित

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर थाने में लाइसेंसी हथियार जमा नहीं करने के मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने दो लोगों के शस्त्र लाइसेंस को आगामी आदेश तक के लिए निलंबित कर दिया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तहत सरगुजा में 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाने के उपरान्त कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर द्वारा आदेश जारी कर शस्त्र रखने और जमा करने के नियमों का उल्लंघन करने वालों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शस्त्रधारियों को आयुध अधिनियम 1959 की धारा 21 के तहत अपने आग्नेय शस्त्र सीमित समय के लिए नजदीकी थाने में जमा करने होते हैं। एमजी रोड रावत रेसीडेंसी निवासी श्रीमती अंजुम फिरदौसी तथा बौरीपारा निवासी एएसए टीरू द्वारा इस नियम का उल्लंघन कर निर्धारित समय में शस्त्र नजदीकी थाने में जमा नहीं कराया गया है जिसपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके शस्त्र लाइसेंस को नवीनीकरण नहीं किए जाने की अनुशंसा की गई। शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन करने पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से श्रीमती अंजुम फिरदौसी तथा एएसए टीरू के शस्त्र लाइसेंस आगामी आदेश तक निलंबित किया गया है।

### बालिका ने गढ़ी अपहरण की झूठी कहानी, 20 घंटे से पुलिस परेशान

**अम्बिकापुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में मिली बालिका के अपहरण की कहानी झूठी निकली। 20 घंटे की जांच और बयान के बाद पुलिस ने बालिका की पहचान कर ली है। बच्ची वाड्रफनगर के बरती कला की रहने वाली है और घर से भागकर आई थी। बच्ची के गुमशुदगी का मामला चौकी में दर्ज है। बता दें कि सोमवार की रात गांधीनगर थाना अंतर्गत नमनाकला शनिमंदिर के समीप 13-14 वर्ष की बालिका संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद की गई थी। बालिका ने प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को जो बातें बताई थी उसके बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया था। बालिका ने पुलिस को अपने बयान में बताया था कि वह घर के पास खेल रही थी और कुछ लोग उसे जबरन अपने पिकअप में पकड़कर बैठा लिए और उसे इंजेक्शन लगा दिए। बालिका बेहोश हो गई थी और फिर जब उसकी नींद खुली तो पिकअप में दो तीन और लड़कियां मौजूद थी। बालिका ने पिकअप से कूदकर भागने की जानकारी पुलिस को दी थी जिसके बाद से ही गांधीनगर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। रात का समय होने के कारण बालिका को बालिका गृह में रखा गया था। जांच के दौरान पुलिस को कोई भी संदिग्ध पिकअप नहीं मिला था इसके साथ ही बच्ची के शरीर पर कूदने से खरोंच चोट के निशान नहीं थे। वहीं बच्ची अपना नाम पता नहीं बता पा रही थी जिसके बाद यह मामला संदिग्ध हो गया था। बालिका अपना बयान बार बार बदल रही थी जिसके कारण पुलिस टीम पूरे दिन परेशान रही। अंततः देर शाम बालिका ने अपनी सच्चाई बताई जिसके बाद बालिका की शिनाख्त कर ली गई। बालिका बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर चौकी अंतर्गत बरतीकला गांव की रहने वाली है। बालिका सोमवार की दोपहर लगभग 3 बजे बिना बताए घर से भाग गई थी। बालिका के परिजन ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा धारा 363 के तहत अपराध कायम कर जांच की जा रही थी। अब बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर पुलिस की टीम बालिका को लेकर जाएगी जिसके बाद घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी।

### स्नान करने के दौरान क्वारी में डूबने से युवक की मौत

**बिश्रामपुर।** क्वारी में स्नान करने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल टूए कालोनी के पीछे फिल्टर प्लांट के समीप गोरखनाथपुर निवासी 19 वर्षीय मुसब सिद्दीकी पिता इमरान सिद्दीकी मंगलवार की शाम करीब पांच बजे घर से गांगीकोट लोहा पुलिया के पास स्थित खुली खदान के क्वारी में अपने चचेरे भाई व अन्य साथियों के साथ जाकर स्नान कर रहा था। तभी अचानक युवक गहराई में जाने से डूब गया। युवक के डूबने की सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस, परिजन व अन्य लोग घटना स्थल पहुंच गए। यहां पर काफी मशक्कत उपरांत युवक को क्वारी से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक इंजीनियरिंग की पढ़ाई किया था। मंगलवार को पहली बार युवक उक्त घटना स्थल पर गया था। घटना की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य केंद्र में देखते ही देखते लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। मामले में अब बुधवार को पीएम होने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया जाएगा। साथ ही पुलिस द्वारा मामले में आगे की विवेचना शुरू की जाएगी।

---

## 56 करोड़ की लागत से बने 100 बिस्तर अस्पताल का नहीं मिल रहा लाभ

# ईएसआईसी अस्पताल को डॉक्टर और मरीजों का है इंतजार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

कर्मचारियों के लिए बनाया गया अस्पताल डॉक्टर और मरीजों की राह तक रहा है। अस्पताल में सुविधा नहीं है लिहाजा यह अस्पताल सफेद हाथी ही साबित हो रहा है।मजदूरों के इलाज के लिए 56 करोड़ की लागत से 100 बिस्तरों का ईएसआईसी अस्पताल बनाया गया। हॉस्पिटल डिंगापुर में है, लेकिन आज तक इस अस्पताल में मजदूरों के लिए इलाज संभव नहीं हो सका है।

इस अस्पताल का भूमिपूजन दो अलग-अलग सांसदों ने किया। यूपीए-2 के समय केंद्रीय राज्यमंत्री और कोरबा सांसद डॉ चरणदास महंत ने भूमिपूजन किया। इसके बाद पूर्व बीजेपी सांसद स्व बंशीलाल महतो ने इस अस्पताल का भूमिपूजन किया था। अस्पताल बनकर तैयार होने के बाद सितंबर 2019 में इसे मिनिस्ट्री आफ लेबर एंड एंप्लॉयमेंट, भारत सरकार के अधीन संचालित एम्पलाइज स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन को सौंपा गया। अस्पताल मिलने के बाद आज चार साल बीत गए हैं, लेकिन आज भी ये अस्पताल डॉक्टर और मरीजों की राह देख रहा है। आज भी मजदूरों को इस अस्पताल में बेहतर इलाज का इंतजार है यह अस्पताल सिर्फ और सिर्फ अपनी आलीशान बिल्डिंग और मरीजों को यहां से रेफर करने के लिए जाना जाता है। मजदूर को कैशलेस स्कीम के तहत ठोस और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं वाला इलाज मिलने का सपना अब भी अधूरा है अस्पताल से सिर्फ मजदूरों को रेफर किया जा रहा है। ईएसआईसी के 100 बेड अस्पताल में एडमिनिस्ट्रेशन लेवल पर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट(एमएस), असिस्टेंट मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डिप्टी डायरेक्टर सहित उच्च स्तर के लिए कल 28 पद स्वीकृत हैं। 50 बेड में ये संख्या 18 है। कोरबा में एमएस के साथ ही असिस्टेंट डायरेक्टर और कुछ ही पदों पर अफसर नियुक्त किए गए हैं इसी तरह स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के 14 रेगुलर और 5 कांट्रैक्ट बेसिस के पद स्वीकृत किए गए हैं। 50 बेड अस्पताल में कोरबा के लिए 8 रेगुलर और पांच कॉन्ट्रैक्ट स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं। एनेस्थीसिया, चेस्ट(पलमोनरी) डेंटल, डर्मेटोलॉजी, ईएनटी, जनरल मेडिसिन, आई, जनरल सर्जरी, ओबेसिटी एंड गाइनेकोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक्स, पीडियाट्रिक्स, पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी स्तर के डॉक्टर्स के पद स्वीकृत हैं। इसी तरह जनरल ड्यूटी और मेडिकल ऑपरेशंस के लिए डॉक्टरों के 38 पद स्वीकृत हैं। 50 बेड अस्पताल के लिए यह संख्या 26 है। ईएसआईसी के हंड्रेड बेड अस्पताल में स्टाफ नर्स नर्सिंग सिस्टर एएनएम सहित गैर मेडिकल स्टाफ को मिलाकर 185 पद स्वीकृत किए गए हैं। फिलहाल 50 बेड अस्पताल के हिसाब से कोरबा के लिए इस कैटेगरी में भी 112 पद स्वीकृत है। पैरामेडिकल स्टाफ कैटेगरी में भी डाइटिशियन, रेडियोग्राफर, जूनियर रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, ड्रेसर सहित 18 प्रकार के अलग-अलग पदों पर कुल 50 मेडिकल स्टाफ के पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनके विरुद्ध भी भर्ती नहीं की गई है। लगभग सभी पद खाली हैं।

### रिफरल सेंटर बना अस्पताल

ईएसआईसी बीमित व्यक्ति को कैशलेस सुविधा मिलती है। लेकिन यदि स्वयं की सुविधा नहीं है तो बीमित व्यक्ति को रेफरल की सुविधा मिलती है। कोरबा जिले में भी तीन बड़े निजी अस्पतालों से ईएसआईसी का अनुबंध है। इसके लिए ईएसआईसी के अधिकारी इसका कंसेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर्स से लेते हैं, लेकिन इस कंसर्न को लेने के लिए मरीज या परिजन पहले मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल जाते हैं। फिर उसे वापस लेकर ईएसआईसी के अफसरों के पास आते हैं। इसके बाद मरीजों को किसी दूसरे हायर सेंटर में रेफर किया जाता है। यह प्रक्रिया बेहद जटिल होने के कारण कई मरीज बीच में ही निजी हॉस्पिटल का रुख कर लेते हैं।क्योंकि कई बार इमरजेंसी में रेफरल सिस्टम काम नहीं आती।

---

## सड़क निर्माण पूरा हुआ नहीं और ट्रेलर चालकों की लापरवाही शुरू



दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

हरदीबाजार-दीपका बाईपास सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है जो कि गेवरा दीपका कोयला खदान के मध्य पहुंचा है। जहां सड़क निर्माण में लगे कर्मचारी और मशीनों के सुरक्षा के लिऐ बैरिकेड लगाकर रखा गया है। सोमवार की देर रात लगभग 2 बजे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएन 7200 का चालक जुनैद अंसारी उम्र 35 वर्ष गेवरा खदान से कोयला लोड लेकर निकला उसके सामने ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एएन 1833 का चालक भी कोयला लोड लेकर आगे पीछे चल रहे थे कि सड़क निर्माण होने पर सड़क में सड़क अवरोध लगाया गया था जिसे सामने चल रही ट्रेलर के चालक की अचानक नजर पड़ी और ब्रेक लगा दिया वहीं उसके पीछे आ रही ट्रेलर चालक जुनैद अंसारी अपने वाहन से नियंत्रण खो दिया और आगे चल रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एएन 1833 के पीछे डाला से भीड़ गया। घटना में ट्रेलर का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक उसी में फंस गया था जिसे अन्य सहयोगियों व ट्रेलर मालिक के अन्य कर्मचारियों के सहयोग से बाहर निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

---

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, ताप विद्युत गृह के कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई




सेवानिवृत्त कर्मचारी।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से माह अप्रैल में वरिष्ठ पर्यवेक्षक रविन्द्र कुमार राजवाड़े एवं कनिष्ठ पर्यवेक्षक जोहित राम, करन दास अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये। कर्मचारी के सम्मान में समारोह का आयोजन प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संयंत्र के मुख्य कार्यपालक निदेशक (उत्पा.), डॉ. हेमंत सचदेव एवं अति. मुख्य अभियंता अंजना कुजुर, राजेश्वरी रावत एवं संजीव कंसल के आतिथ्य में तथा इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारीगण, युनियन के पदाधिकारीगण, पेंशनर एसोशिएसन के पदाधिकारीगण एवं सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी/कर्मचारी के परिवारजनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एवं मंचस्थ विशिष्ट अतिथिगण; अति.मुख्य अभियंताओं द्वारा सेवानिवृत्ति कर्मी को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी से सम्मानित कर विदाई दी गई। डॉ. सचदेव ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी की सेवाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि हमारे संयंत्र से तीन अनमोल रत्न रविन्द्र कुमार राजवाड़े, जोहित राम एवं करन दास सेवानिवृत्त हो रहे। आपने अपने कार्य को निष्ठा एवं लगन के साथ करते हुये हमारे संयंत्र की सेवा की है। उन्होंने कहा कि आपका अनुभव, अनुशासन एवं संयंत्र में कार्य करने की शैली सैदव हम सभी को अविस्मरणीय रहेगी। साथ ही अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल का अनुभव भी साझा किया। कार्यपालन अभियंता पन्नालाल साहू द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों का संक्षिप्त परिचय का उल्लेख किया गया। अभार प्रदर्शन अधी. अभियंता (मा.संसा.) देवी शंकर राय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रसायनज्ञ सह वरि. कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिदार, एस.के. डेविड, महिपाल कैवर्त एवं राजकुमार केंवट का सहयोग सराहनीय रहा।

## शाउमा विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**



विदाई समारोह में उपस्थित शिक्षक।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्लूडी रामपुर कोरबा में पदस्य शिक्षक सीके पांडे, व्यायाम शिक्षक नकुल कुमार राजवाडे, वाणिज्य व्याख्याता एवं लेखपाल सुखसागर प्रसाद दरवेश को विद्यालय परिवार एवं वार्ड के वरिष्ठ नागरिक सहित जनप्रतिनिधियों व विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। इस बीच सेवा निर्मित शिक्षकों ने उपस्थित विद्यालय परिवार एवं जनप्रतिनिधियों को अपने मुखाग्रह बिंदु से संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों के द्वारा इस विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को यथासंभव अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान किया है। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक संस्था में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर अपनी ओर से अच्छी शिक्षा प्रदान करने सदैव प्रयास करेंगे। उक्त विदाई समारोह कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मनसाय लहरे, वार्ड पार्षद पालू राम, समाजसेवी मनीराम जांगड़े, शिव चंदेल साथ विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जगदेव प्रसाद पात्रे, धनेश सिंह राजपूत, श्रीमती विभा शुक्ला, माधुरी अग्रवाल, राजेश गभेल, मंजुला यादव, श्रीमती गणेसी, सोनकर सुमन मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## सशिमं गेवरा परियोजना का शतप्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राएं।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका**

सरस्वती शिशु मंदिर उ मा वि गेवरा परियोजना के स्थानीय कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम मनोज शर्मा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दीपका की अध्यक्षता, वरिष्ठ पार्षद अरुनीश तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं राजेंद्र सिंह राजपूत के विशिष्ट आतिथ्य में घोषित हुआ। जिसमें तीनों अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर माँ सरस्वती की प्रार्थना विद्या, धारा, भावना, मीनाक्षी, श्रुति, प्रियांशी के द्वारा कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और अपने उदबोधन में तीनों ने विद्यालय के संस्कार एवं अध्यापन पक्ष की तारीफ करते हुए परीक्षा परिणाम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य बजरंग लाल पटवा एवं प्रधानाचार्य अशोक सिंह यादव ने विद्यालय प्रतिवेदन पढ़कर बताया कि विद्यालय में इस सत्र का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा, जिसका संचालन करते हुए वरिष्ठ आचार्य दुर्गाप्रसाद स्वर्णकार ने परीक्षा परिणाम बताते हुए बताया कि कक्षा अरुण में पवित्रा श्रीवास 100 प्रतिशत लेकर प्रथम, मान्या सिदार 98 प्रतिशत द्वितीय, मन्दाकिनी 94 प्रतिशत लेकर तृतीय रही। इसी प्रकार कक्षा उदय में साक्षी गुप्ता 98 प्रतिशत प्रथम, काब्या यादव 96 प्रतिशत द्वितीय, रानी कुमारी और राशि 95प्रतिशत तृतीय रहीं। कक्षा प्रथम में ऐंजल त्रिपाठी 98 प्रतिशत प्रथम, युवराज गोस्वामी एवं टुकेश कुमार 97 प्रतिशत द्वितीय और रूही एवं अनुज 96 प्रतिशत तृतीय रही।

**खास बात**

- जिले में शासकीय व अशासकीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा के परिणाम की हुई घोषणा

### बीकन स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**कोरबा।** बीकन स्कूल माध्यमिक शाला एसईसीएल कोरबा का वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा प्राचार्य मनोज बारिश गाटलीब द्वारा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रपति अवार्ड श्रीमती कल्पना मिश्रा द्वारा बच्चों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान की। परीक्षा प्रभारी धनश्याम पटेल एवं समस्त शिक्षक शिक्षकाओं में चन्दना अधिकारी, परमिता बारीक, यातिमा अतुल नाथन, देवेन्द्र पांडे, एसके नाडिग, एन हिन्डारिया, रश्मि, एमजे चौहान, डी सिंग, सलोमी, बीना साहू, शालिनी केशर, सुदेश सिंह, नरोत्तम, मिठू, निखिलेश, अपराजिता, सांतनु सेठ, सत्यप्रकाश, आंचल, लखन, संतोषी और अरुणा ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। अभिभावकों द्वारा परीक्षा परिणाम को ले कर काफी उत्साह व रुचि दिखाई दिए। साथ ही विद्यार्थियों के अपने रिजल्ट को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया।

### जेपी कालोनी पूर्व माध्यमिक शाला 8वीं में पायल 7वीं में निशिका, 6वीं में सुमन रही प्रथम

**कोरबा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेपी कॉलोनी संकुल एनसीडीसी, में 29 अप्रैल को प्रधान पाठक एमके मिश्रा द्वारा संकुल समन्वयक बालगोविंद श्रीवास और शाला की शिक्षिकाएं अनिता टंडन, अल्पना साहू, अनुसूया साहू, मीनूरानी देवांगन की उपस्थिति में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शाला का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान पायल टंडन, कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान निशिका, कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान पर सुमन ठाकुर उत्तीर्ण हुईं।



### सरस्वती शिशु मंदिर रजगामार

**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार का वार्षिक परीक्षा परिणाम मुख्य अतिथि आशीष खेतान(सी.ए.) व आजीवन सदस्य सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा विशिष्ट अतिथि सूर्यकुमार पांडेय (समन्वय ) व राम विलास पाल के अध्यक्षता में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी कक्षा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त भैया-बहनों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही साथ अभिभावकों का स्वागत तिलक रोली से किया गया। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। अतिथियों ने स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनो क्रो बधाई और स्थान प्राप्त न कर पाने वाले भैया बहनों क्रो आगामी सत्र 2024- 25 के लिए शुभकामनायें दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




---

## महालक्ष्मी योजना से बदलेगी गरीब महिलाओं की तकदीर : ज्योत्सना



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मानिकपुर, कुआंभट्टा, बुधवारी, पथर्रीपारा में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना से गरीब महिलाओं की तकदीर बदलेगी। सरकार बनने पर एक महिला को हर महिने 8333 रुपए और हर साल 1 लाख रुपए देने के लिए संकल्पित है। न्याय पत्र में शामिल नारी न्याय महालक्ष्मी योजना का पूरी प्रतिबद्धता से क्रियान्वयन कराया जाएगा और इसके लिए फंड की कमी नहीं होगी। सांसद ने कहा कि इसमें कोई बड़ी बात नहीं कि आने वाले दिनों में चुनाव के बाद दस्तावेजों में कमी बता कर महिलाओं को अपात्र कर दिया जाए। यह सरकार वोट बटोरने के लिए महिलाओं का इस्तेमाल कर रही है। इस अवसर पर श्रीमती उषा तिवारी, श्रीमती सपना चौहान, श्यामनारायण सोनी, अभय तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोरबा लोकसभा की बीजेपी उम्मीदवार डॉ. सरोज पांडेय ने किया रोड शो



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

भाजपा सांसद प्रत्याशी डॉ सरोज पांडेय मंगलवार को अपने चुनावी जनसंपर्क के दौरान कटघोरा विधानसभा पहुंची, जहां उन्होंने विधानसभा के दो अलग अलग जगह गेवरा व छूरी बाजार में रोड शो करते हुए स्थानीय व्यापारियों व निवासियों से वोट मांगा। वहीं प्रत्याशी के पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओ ने गाजे-बाजे के साथ भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। सरोज पांडेय ने रोड शो की शुरुआत मंदिर मे पूजा-आराधना से की। रोड शो के दौरान प्रत्याशी सरोज पांडेय ने जनता के समक्ष केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में कई कामो की सरकार बनने के बाद गारंटी दी थी वह सब पूरी होती दिखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत संकल्प की गारंटी दी है जो पूरे होने की गारंटी है। साथ ही उन्होंने जन जन को डबल इंजन सरकार के अनेकों विकास कार्य गिनाए और पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस के शासन को कुशासन बताया। रोड शो के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा एवं महिला कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही सभी ने बाइक रैली निकालते हुए शहर के शुरुआत से लेकर अंत तक लोगो का अभिवादन किया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर कोरबा एवं विवाह अधिकारी, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**
**// ईश्तहार //**
क्र./4734/ वाचक/विवाह अधि. कोरबा /2023-24
कोरबा, दिनांक 30/04/2024
प्र.क.-202404052900012/08/ब-121/23-24
ग्राम-चंद्रनगर तहसील कटघोरा जिला-कोरबा

आवेदक (वर) अनिल कुमार पटेल पिता शंकर सिंह, उम्र-29 वर्ष, जाति-मरार (अन्य पिछड़ा वर्ग), निवासी म.नं.-503/47, चन्द्रनगर, पोस्ट-पड़निया, कुसमुण्डा, जिला-कोरबा (छ. ग.) एवं आवेदिका (वधु) अनामिका पटेल पिता अभिमन्यु कुमार पटेल, उम्र 23 वर्ष, जाति-मरार (अन्य पिछड़ा वर्ग), निवासी एम-198, वार्ड नं.-59, विकास नगर कुसमुण्डा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत आशयित विवाह हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त विवाह के संबंध में कोई आपत्ति/दावा आदि हो अथवा कुछ कहना हो तो वे प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 29/05/2024 को 2.00 बजे तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति/दावा आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा आदि पर कोई सुनवाई/विचार नहीं किया जावेगा और यह माना जावेगा कि आपको/किसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और सुनवाई का कोई और अवसर दिये बिना प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही किया जावेगा।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी**
**जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**शपथ-पत्र**

मैं सुखदेव दास (SUKHDEV DAS) उम्र 30 वर्ष, पिता स्व. बरातु दास (BARATU DAS) निवासी-नराईबोध गेवरा बस्ती, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) का हूं, जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं

01. यह कि, मैं उक्त पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आधार क्र. 8711 4346 4567 है।

02. यह कि, मेरी पुत्री के नाम पर नगर पालिक निगम कोरबा छ.ग. द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है, जिसका पंजीकरण संख्या B-2023: 22-90172-000227 एवं पंजीयन दिनांक 19/01/2023 है, जिसमें उसका नाम डोरी महंत (DORI MAHANT) दर्ज है।

03. यह कि, मैं मेरी पुत्री के नाम पर जारी उक्त जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम बदलकर नायरा महंत (NAYARA MAHANT) दर्ज कराना चाहता हूँ जिसकी जन्मतिथि 14/01/2023 है।

04 यह कि, यह शपथ-पत्र मेरे द्वारा मेरी पुत्री का नाम बदलने / परिवर्तन कराने के समर्थन में निष्पादित की गई है, जिसे संबंधित कार्यालय/ विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**सुखदेव दास**

## खबर संक्षेप

### बायीं तट नहर में कूदी किशोरी की स्थानीय लोगों ने बचाई जान

**कोरबा।** सीतामढ़ी क्षेत्र में हसदेव नदी के बायें तट नहर में मंगलवार को सुबह किशोरी ने छलांग लगा दी। बताया जाता है कि किशोरी 9वीं की छात्रा थी और वह रिजल्ट आने को लेकर कुछ मानसिक रुप से परेशान थी जिसके चलते नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थी। स्थानीय लोगों की नजर पड़ी तो युवकों ने नहर में छलांग लगाकर उसे बचा लिया। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शनि मंदिर के समीप कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली छात्रा मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे सीतामढ़ी क्षेत्र में हसदेव नहर में छलांग लगा दी। जैसे ही स्थानीय युवकों की किशोरी पर नजर पड़ी उन्होंने बिना देर किए किशोरी को बाहर निकाला। इस मामले की जानकारी दिए जाने पर पुलिस की डायल 112 सर्विस के लिए काम करने वाले पुलिस जवान यहां पहुंचे जिन्होंने अपने वहां से युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। उसके शरीर में अधिक पानी चले जाने से बेहोशी की स्थिति बनी हुई है डॉक्टर के द्वारा उपचार शुरू कर दिया गया है। पुलिस के द्वारा आगे की जाने वाली जांच में पता चल सकेगा की पूरे प्रकरण के पीछे असली कारण क्या था।

### मजदूर एवं कर्मचारी अपने हक के लिए एक हो जाओः महिलांगे

**कोरबा।** आजादी के बाद हमारा देश तीव्र गति से तरक्की किया उद्योग एवं कृषि के क्षेत्र में काफी प्रगति किया, जो हमारे मेहनतकश मजदूर और कर्मचारी साथियों के कठाकेर परिश्रम एवं त्याग से संभव हुआ है। ट्रेड यूनियन के काउंसिल यूआर महिलांगे ने कहा कि देश की सशक्त श्रम कानूनों ने हर संभव श्रमिकों की मदद कर उनके अधिकारों को दिलाने का काम किया है। श्रमिक बेधड़क नीडर होकर अपना कार्य करते रहे है। वर्तमान सरकार ने मौजूदा श्रम कानूनों में परिर्वन कर श्रमिकों के शोषण का रास्ता पूंजीपतियों के हाथ में सौंप दिया है। नये रोजगार एवं मजदूरों के अधिकार व सुविधाएं खत्म कर रहे हैं। चंद पूजीपति उद्योगपतियों के हित को ध्यान में रखकर श्रमकानून बनाये गये हैं, जिससे मजदूरों का दिन रात शोषण होगा। हमारे नियमित कर्मचारियों को भी इस सरकार ने कहीं का नहीं छोड़ा है। उनके पुराने पेशन, वेज रिविजन एवं एरियर्स भुगतान आदि प्रकरणें पर भी सरकार चुप्पी साधे बैठी है एव धीरे धीरें उनकी सुविधाओं को समाप्त की जारही है जो चिंतनीय है। इस अवसर पर ट्रेड यूनियन के काउंसिल यूआर महिलांगे, वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी, विधि सलाहकार आरडी भारद्वाज, तरुण राठौर शामिल रहे।

### प्रेक्षक से आमनागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा (रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा (आईएएस)से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 7647045883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दो विधानसभा (भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़), जिला कोरिया के 1 विधानसभा (बैकुण्ठपुर) एवं जिला गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के 1 विधानसभा (मरवाही) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। उक्त विधानसभा के संबंधित निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए आम नागरिक एनटीपीसी स्थित कावेरी गेस्ट हाउस में सुबह 9 से 10 बजे तक कक्ष क्रमांक 1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसके साथ ही इनके मोबाइल नंबर 7647046318 में संपर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।

### पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में युवाओं ने लिया शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प



**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में चुनावी उत्साह की लहर देखने को मिल रही है। इस अवसर पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में टचवुड संस्था और आजाद सेवा संघ द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में युवाओं ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली और 7 मई को होने वाले चुनाव के लिए मतदान केंद्र जाकर अपना मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जेल कल्याण अधिकारी वाणी मुखर्जी, रचित मिश्रा, रानी गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, अभिनव चतुर्वेदी, गगन निगम एवं पीजी कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।

## जनपद पंचायत कोरबा के ग्रामों में चलाया गया था कार्यक्रम

# बाड़ी विकास कार्यक्रम से नहीं जुड़ सकी संरक्षित जनजाति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहाड़ी कोरवा व बिरहोर जनजाति को खेती के परंपरागत तरीके और धान उत्पादन से जोड़ने के लिए बाड़ी विकास कार्यक्रम चलाया गया था। उक्त कार्यक्रम के तहत पिछड़ी जनजाति के लोगों के खेत बनाने एवं बीज वितरण तथा बाड़ी तैयार करने का कार्य शामिल था। जिससे अभी भी पिछड़ी जनजाति के लोग नहीं जुड़ सके हैं। इस कार्य के लिए 6 करोड़ की राशि भी जारी की गई थी।

**खास बात**

- पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जनजाति के लिए थी योजना

जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम छातीबहार, भुरुमाटी, दूधीटांगर,



सरीडेरा जैसे पहाड़ी कोरवा गांव स्थित हैं जहां पहाड़ी कोरवा जनजाति निवास करती है। इनके अलावा बिरहोर जनजाति के लोगों को भी इससे जोड़ा गया है। बाड़ी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पहाड़ी कोरवा ग्रामों में शासन को इनके उबड़ खाबड़ और कड़क भूमि को खेत के रुप में विकसित करना था। फसलों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग कराने के साथ बीज वितरण एवं बोर खनन कार्य शामिल है। इस योजना के अंतर्गत बोर खनन तो हुए किंतु इनकी उबड़ खाबड़ भूमि को खेत के रुप में तैयार करने का काम कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित रहा किंतु इनके खेतों में नहीं नजर आ रही है। 6 करोड़ जैसे बड़े बजट की राशि इस योजना में खर्च किए जाने का प्रावधान था। जिसके लिए जनपद पंचायत कोरबा को एजेंसी बनाया गया था।

**अनियमितता की हुई थी शिकायत**

बाड़ी कार्यक्रम को लेकर प्रशासन को शिकायत भी की गई थी। जिसमें योजना के तहत होने वाले कार्यों में की गई गड़बड़ी से अवगत भी कराया गया था। सबसे बड़ी बात यह थी कि कार्यों का बिना भौतिक सत्यापन किए बिल भुगतान भी कर दिया गया है किंतु शिकायतों पर जांच कहां तक पहुंची यह अब तक सामने नहीं आया है।

# केस वापस लेने के लिए दे रहे थे धमकी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत रलिया निवासी युवती ने बृजपाल सिंह कंवर के विरुद्ध शिकायत की थी जिस पर कार्यवाही उपरांत मारपीट व धारा 376 भादवि में बृजपाल सिंह कंवर जेल में निरूद्ध है और प्रकरण न्यायालय में प्रकरण लंबित है। आरोपी बृजपाल सिंह कंवर के परिवार वाले निरंतर रूप से हेमा बिंझवार के उपर केस को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।

5 मार्च की दोपहर 12 बजे करन सिंह कंवर की बहू के द्वारा मोबाइल नंबर 8815733230 से फोन कर हेमा को केस को वापस लेने की धमकी दी गई। युवती के मना करने पर 5 मार्च को ही शाम 4 बजे बृजपाल सिंह कंवर के रिश्तेदार युवती के घर में घुसकर मां बहन की गाली गलौच करने लगे तथा केस को वापस लेने का दबाव बनाया गया। इसके बाद 15 मार्च को 7:34 बजे छत्रपाल सिंह राठौर पिता शिव कुमार राठौर शराब पीकर युवती के घर जाकर उसे द्वारका सिंह कंवर और करन सिंह कंवर भेजने की बात कहते हुए 3 लाख रूपये लेकर केस को खत्म करने की धमकी दी है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने करन सिंह कंवर उसकी बहू द्वारका सिंह कंवर, छत्रपाल सिंह राठौर के खिलाफ 451, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### मोबाइल खरीदने के लिए नहीं दिए पैसे तो घर में लगा दी आग

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वैष्णव दरबार निवासी सुकृता साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह कलेक्ट्रेट कार्यालय में निजी प्यून का कार्य करती है। उसकी शादी रामेश्वर साहू से 8 साल पहले शादी हुआ है तथा उसका एक पुत्र अभय साहू 3 वर्ष का है। रामेश्वर साहू रोजी मजदूरी का काम करता है। 28 अप्रैल को रामेश्वर रात शाम 7:30 बजे शराब पीकर आया तथा सुकृता तथा उसकी सास से मोबाईल खरीद कर देने की बात को लेकर झगड़ा करने लगा। इसी बात को लेकर सास बहू तथा बेटे में विवाद होना शुरु हो गया है। जिस पर सुकृता की सास व देवर अभय साहू महिला आश्रम सोने के लिए चले गये थे। इसके उपरांत रामेश्वर ने घर के सामान अलमारी कपड़ा, पलंग तथा अन्य सामान को आग लगा दिया है। इस मामले में सुकृता की रिपोर्ट पर पुलिस ने रामेश्वर साहू के खिलाफ धारा 436 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों का माल पार

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत टीना दफाई राताखार में आकाश प्रजापति के द्वारा आकाश जनरल स्टोर्स का संचालन किया जाता है। 28 अप्रैल की रात्रि 10:30 बजे वह अपना दुकान बंदकर ताला लगाकर घर चला गया। आकाश प्रजापति सुबह 7 बजे जब दुकान खोलने गया तो देखा उसके दुकान का शटर का ताला टूटा था तथा सामने लगे दोनों सीसीटीवी कैमरों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है तथा दुकान के अंदर रखे एक लैपटोप डेल कंपनी का कीमती लगभग 20 हजार रूपये तथा नगदी रकम 5 सौ रुपए व सिगरेट व राशन सामान को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। जिसकी शिकायत आकाश प्रजापति ने पुलिस से की है जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# थम नहीं रहा शिवनाथ का देर से चलने का सिलसिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के मौसम में यात्री ट्रेनों में आरक्षित टिकट की मारा मारी और बढ़ती भीड़ को लेकर रेलवे एक तरफ समर स्पेशल यात्री गाड़ियां चला रहा है वहीं दूसरी ओर लोकल गाड़ियां घंटों लेट चल रही हैं। कोरबा से चलने वाली शिवनाथ रविवार और सोमवार को 7 से 8 घंटा तथा मंगलवार को 6 घंटे देरी से कोरबा पहुंची। शिवनाथ के लेटलतीफ चलने के सिलसिले पर रेलवे का नियंत्रण नहीं दिख रहा है।

कोरबा से शाम 6 बजे चलने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस वर्तमान में भले ही सही समय पर रवाना हो रही है किंतु उसके आने के समय को लेकर कोई निश्चित समय अंतराल नहीं है। स्थिति यह है कि रविवार को यह ट्रेन 8 घंटा देरी से वहीं सोमवार को 7 घंटा तथा मंगलवार को 6 घंटे देरी से कोरबा पहुंची थी। सप्ताह के आने वाले दिनों में शिवनाथ की चाल सुधर पाएगी इसे लेकर यात्रियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं समर एक्सप्रेस चलाने वाला रेलवे प्रबंधन शिवनाथ को समय पर नहीं चला पा रहा है। रेलवे द्वारा चलाई जा रही समर स्पेशल ट्रेन नागपुर मंडल की गाड़ियां हैं। शिवनाथ जैसी एक्सप्रेस गाड़ियां बिलासपुर जोन अंतर्गत चलती है। जिनके सही समय पर चलने की जवाबदारी बिलासपुर रेलवे जोन प्रबंधन की है किंतु लंबी दूरी की यात्री गाड़ियों को समय पर चलाने की होड़ में रेलवे प्रबंधन स्थानीय गाड़ियों की चाल नहीं सुधार पा रहा है। जिसका खामियाजा गर्मी के मौसम में यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। शिवनाथ के कोरबा पहुंचने के समय सुबह 8.30 बजे का समय निर्धारित है। जो बीते एक सप्ताह के दौरान अपने तय समय पर कोरबा नहीं पहुंची। कमोबेश यही स्थिति रात में आने वाली यात्री गाड़ियों की भी है।

**खास बात**

- दो दिन 7 से 8 घंटा देर से पहुंची थी कोरबा

**वैवाहिक मौसम में यात्रियों की भीड़**

इन दिनों वैवाहिक कार्यक्रमों का दौर चलने के कारण यात्री गाड़ियों में भीड़ चल रही है। कन्फर्म बर्थ मिलना तो दूर की बात लोकल गाड़ियों में खड़े होने की जगह नहीं मिल रही है। स्थिति यह है कि देर से चलने वाली गाड़ियों के कारण लोग अपने वैवाहिक कार्यक्रम में समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। यात्री गाड़ियों में जगह नहीं मिलने और देर से चलने की वजह से लोग सड़क मार्ग से यात्रा करने मजबूर हो रहे हैं। चुनावी मौसम होने के कारण यात्री बसों के चुनाव में लगे होने के कारण सड़क मार्ग में यात्री बसें भी कम नजर आ रही हैं जो यात्री बसें चल रही हैं उनमें भी यात्री ट्रेनों की तरह ही भीड़ नजर आ रही है। कुछ मालवाहक गाड़ियों में भी लोगों को सफर करते देखा जा सकता है।

# सभी आमजन लोकतंत्र के महापर्व में दे अपनी सहभागिताः कलेक्टर



जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा विकासखण्ड के छुरीकला में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में एसडीएम कटघोरा सरोज महिलांगे, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभागों के खंड व पंचायत स्तरीय अधिकारी कर्मचारी हेलमेट पहनकर बाइक रैली में शामिल हुए एवं मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कटघोरा के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बाइक रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आमजनों के बीच मतदान की जागरूकता के लिए यह बाइक रैली आयोजित की गई है। मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी अपनी भूमिका निभाइए, आपका वोट बहुमूल्य है। इस हेतु आप सभी धर्म, वर्ग, जाति, किसी प्रकार भय या प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करें। कलेक्टर ने आमजनों को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपने आस पास के लोगों को भी अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाई। इस दौरान स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल प्रांगण में नुक्कड़ नाटक सहित अन्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। साथ ही स्व सहायता की महिलाओं द्वारा भी मतदाता एवं लोकतंत्र संबंधी मनोरम गीत प्रस्तुत किया गया। बाइक रैली मतदाता जागरूकता संदेश युक्त बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स के साथ छुरीकला (बस स्टैंड) से प्रारंभ होकर सलोरा क जेन्जरा चौक से होते हुए हुंकरा व मुख्य मार्ग से होते हुए कटघोरा स्थित स्वामी आत्मानन्द स्कूल में समाप्त हुई।

**खास बातें**

- स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन
- छुरी से कटघोरा के बीच निकाली गई बाइक रैली

**जागरूकता हेतु चलाया गया हस्ताक्षर अभियान**



मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं व्यापारी संघ के द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें कलेक्टर ने सबसे पहले हस्ताक्षर कर अभियान की शुरूआत की तथा मतदान दिवस 7 मई को सभी नागरिकों से मतदान करने आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, आयुक्त नगर निगम श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई आदि अधिकारी-कर्मचारी, व्यापारी वर्ग एवं नागरिकगण उपस्थित थे। कलेक्टर अजीत वसंत ने हस्ताक्षर अभियान के उपरांत नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई।

**ग्राम पंचायतों में स्वीप की गतिविधियां**



लोकसभा निर्वाचन के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत पाली के सीईओ भूपेन्द्र सोनवानी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत पुलालीकला में ग्रामीण महिला पुरूषों के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा गांवों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसी प्रकार सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा खगेश निर्मलकर की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कोरबी में एनआरएलएम के कैडर एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह अप्रैल 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

# बाल भवन एनटीपीसी ने मनाया वार्षिक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा के बाल भवन ने 28 अप्रैल को अपना वार्षिक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरित माहेश्वरी परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा और राखी माहेश्वरी अध्यक्ष मैत्री महिला समिति ने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बाल भवन की प्रभारी मीता भट्टाचार्य ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और बाल भवन एनटीपीसी कोरबा के 33वें वार्षिक दिवस समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। बाल भवन की महासचिव सरिता सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। वार्षिक दिवस पर बाल भवन के बच्चों द्वारा रंग-बिरंगे परिधानों, नाटक, मधुर संगीत और जीवंत नृत्यों की धूम रही। धरोहर में गणेश वंदना, कार्टून नृत्य और कथक जैसी कई नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में बच्चों की बड़ी भागीदारी के साथ कुछ आकर्षक आंतरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देखने को मिलीं।

# डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा केंद्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा सामान्य निर्वाचन अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 4 कोरबा के तहत आने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारी जो सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर कोरबा में मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदक, वाहन चालक हेतु 1 से 6 मई तक, अनिवार्य सेवा श्रेणी मतदाता हेतु 1 से 3 मई प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने संबंधित शासकीय अधिकारी, कर्मचारी को निर्धारित दिनांक एवं समय पर सुविधा केंद्र में मतदान की अपील की है।



अजीत वसंत




# विद्यार्थियों में होने वाले तनाव को दूर करने योजना बनाकर करें कार्यः अजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आगामी सप्ताह कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु कई बच्चे बेहतर परीक्षा परिणाम नहीं आने के कारण तनाव के कारण अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों और उनके पालकों के लिए अत्यंत संवेदनशील होता है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय को परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में होने वाले तनाव को दूर करने हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक लेकर विद्यार्थियों को तनाव से दूर करने हेतु एक अच्छा माहौल बनाने के निर्देश दिए। जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्राचार्य और सभी शिक्षक सम्मिलित होंगे। साथ ही विद्यार्थियों की काउंसलिंग कराने की बात कही। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया की परीक्षा का तनाव अपनी जगह है परंतु तनाव के कारण हमारे जिले में एक भी बच्चा अप्रिय कदम ना उठाएं, इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। इसके लिए अधिकारी गण, प्राचार्य शिक्षक गण और पालक सभी अपनी-अपनी भूमिका को समझें और बच्चे को अवसाद से बाहर करते हुए उन्हें बताएं की बोर्ड परीक्षा अंतिम परीक्षा नहीं है। बच्चों के सामने समाज के कुछ अच्छे उदाहरण रख कर उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया जा सकता है। कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस गूगल मीट सोशल मीडिया के माध्यम से जिले के वरिष्ठ अधिकारी, प्रमुख शिक्षाविद, मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सकों से बच्चों का सीधे वर्चुअली संवाद कराने की बात कही। जिससे बच्चों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया जा सके।




